Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to grant the status of central university to Harcourt Butler Technical Institute, Kanpur, Uttar Pradesh -Laid.

श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले' (अकबरपुर): मै सरकार का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र के कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित उत्तर प्रदेश कानपुर की शान हरकोर्ट बटलर प्राविधिक संस्थान, कानपुर को केन्द्रीय विश्व विद्यालय का दर्जा दिलाये जाने की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ ।

वर्ष 1920 में स्थापित हरकोर्ट बटलर प्राविधिक संस्थान को मार्च 1965 में सरकारी स्वयत्तता हेतु अपग्रेड किया गया था बेहतर तकनीकी शिक्षा के कारण उत्तर प्रदेश का गहना इन द क्राउन नाम दिया गया विश्वविद्यालय का सम्पूर्ण विश्व में एल्युमिनी नेटवर्क है जो अपने प्रभाव में विरासत, संस्कृति और महान संसथान को आगे बढ़ा रहा है । संस्थान उत्तर प्रदेश में अहर्ता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की पहली पसंद रहा है संस्थान के शिक्षकों ने प्रौद्योगिकी योगदान से इसमें चार चाँद लगा दिए और इसकी गरिमा को निरन्तर बनाये रखा है । संस्थान उत्तर प्रदेश के तीन प्राविधिक संस्थानों में हमेशा प्रथम एवं श्रेष्ट रहा है। संस्थान का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है एवं प्रारम्भिक काल से ही विज्ञानं और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हमेशा आदर्श एवं प्रेरणाश्रोत रहा है और क्षेत्र में योगदान से सामाजिक आवश्यकताओं का पूरक रहा है । विश्वविद्यालय 348 एकड़ भूमि में फैला हुआ है जिसका 30 प्रतिशत निर्माणधीन एवं 70 प्रतिशत शैक्षिक गतिविधियों के विस्तार हेतु उपलब्ध है। विश्वविद्यालय बीटेक, एमटेक, एमसीए, एमएससी, एमबीए एवं विभिन्न विद्याओं में पीएचडी पाठ्यक्रम संचालित करने के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से प्रवेश ले रहा है । समाज एवं मानवता उत्थान हेतु भविष्य में नए पाठ्यक्रम विस्तार करने की योजना रखता है । मेरा अनुरोध है कि संस्थान के स्वर्णिम 100 वर्ष पूर्ण करने और संस्थान के गौरवशाली इतिहास को दृष्टिगत रखते हुए इसे केन्द्रीय विश्व विद्यालय का दर्जा

दिलाये जाने हेतु सम्बंधित को आवश्यक आदेश / निर्देश निर्गत करने की कृपा करें ।